दिनांक **26.09.2018** को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समसामयिक विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी जिनके विषय थे-"विमुद्रीकरण (नोटबंदी), सहसाक्षरता, पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी, भौतिकवाद व मानवीय मूल्यों का ह्रास आदि। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता जी की प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समय-समय पर अनेकानेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसी श्रृंखला में यह भाषण प्रतियोगिता प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉ० शिल्पा गोयल की देखरेख में संपन्न हुई एवं उनकी सहयोगी तृप्ति, डॉली, आशिमा, सोनिया, निधि, नेहा के सराहनीय प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ० ऊषा चौधरी, डॉ० बांके बिहारी और श्रीमती अनीता उपस्थित थीं। मंच सञ्चालन का कार्य श्रीमती सोनिया यादव ने किया। 'भौतिकवाद व मानवीय मूल्यों का ह्रास' पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए मधु सिंगला (हिंदी विभाग) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 'पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी' के विषय पर विचार प्रस्तुत करते हुए सौरभ मंगला (प्रबंधन विभाग) को द्वितीय एवं इसी विषय पर अकरम (अर्थशास्त्र विभाग) को तृतीय स्थान मिला l ज्योति को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। अंत में डॉ० शिल्पा गोयल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया ।